# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2023

## गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

**समय – 3 घण्टे** **पूर्णांक 70**

निर्देश–(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 के 8 खण्ड हैं जो कि बहुविकल्पीय हैं।

(iv) 1 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए।

(v) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए– 1x8=8

(i) विकास की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक हैं–

(क) मनोरंजन (ख) आनुवंशिकता तथा पर्यावरण

(ग) धन – सम्पति (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ii) विटामिन 'C' की कमी से कौन सा रोग होता है–

(क) बेरी–बेरी (ख) स्कर्वी

(ग) रिकेट्स (घ) जुकाम

(iii) आहार नियोजन का उद्देश्य है–

(क) पौष्टिक रूचिकर तथा विविधतापूर्ण आहार उपलब्ध करना,

(ख) धन की बचत करना

(ग) लोगों की प्रशंसा अर्जित करना

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) मानवीय पारिवारिक साधन हैं–

(क) शक्ति एवं समय (ख) ज्ञान

(ग) कार्य–कुशलता एवं दक्षता (घ) भौतिक वस्तुएं

(v) बचत का मुख्य प्रयोजन है–

(क) भविष्य के आवश्यक और आकस्मिक व्यय के लिए

(ख) मनोरंजन के लिए

(ग) विलासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए

(घ) सुख प्राप्ति के लिए

(vi) एगमार्क का चिह्न किन वस्तुओं से सम्बन्धित है–

(क) सोने चाँदी के आभूषणों से (ख) विद्युत उपकरणों से

(ग) अनाज, तेल, मिर्च–मसालों से (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(vii) वस्तुओं अथवा सेवाओं को क्रय करने वाला कहलाता है–

(क) उत्पादक (ख) विक्रेता

(ग) उपभोक्ता (घ) उपर्युक्त सभी

(viii) वस्त्रों की धुलाई के लिए कौन सा जल उत्तम होता है–

(क) कठोर जल (ख) मृदु जल

(ग) समुद्र का जल (घ) गरम जल

Downloaded from cclchapter.com

2. शिशु के लिए प्रथम गीत– संगीत किस रूप में होता है? (1)

3. प्रोटीन की कमी के कारण बच्चों में कौन–सा रोग हो जाता है? (1)

4. भारत में आहार के पोषक तत्वों के मानकों को निर्धारित करने वाला मुख्य संस्थान कौन–सा है? (1)

5. पारिवारिक साधनों के मुख्य दो वर्ग कौन–कौन से हैं? (1)

6. पारिवारिक आय की एक स्पष्ट परिभाषा लिखिए। (1)

7. रेशमी वस्त्रों पर किस प्रकार का कलफ लगाया जाता है? (1)

8. विकास की दो मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (2)

9. छोटे बच्चों की पुस्तकें किस प्रकार की होनी चाहिए? (2)

10. नाशवान भोज्य पदार्थो से क्या आशय है ? (2)

11. वस्त्रों की धुलाई में साबुन की क्या भूमिका होती है ? (2)

12. स्वयं बनायें गये वस्त्रों के गुणों का उल्लेख कीजिए। (2)

13. वृद्धि एवं विकास में मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। (3)

14. शिशु के जीवन में टी0वी0 की उपयोगिता का उल्लेख कीजिए। (3)

15. बच्चों की खेल–सामग्री तथा उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए (3)

16. भारत में प्रोटीन कुपोषण के मुख्य कारण क्या हैं ? (3)

17. आहार–स्वास्थ्य विज्ञान से क्या आशय है ? इस विज्ञान का क्या महत्व है ? (3)

18. वस्त्रों पर लगे लेबल से क्या आशय है? इनसे क्या–क्या सूचनाएं प्राप्त होती है ? (3)

19. बाल विकास को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों का उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

शैशवावस्था से आप क्या समझते हैं? शैशवावस्था की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

20. आहार– नियोजन को प्रभावित करने वाले कारकों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए। (4)

अथवा

ICMR द्वारा निर्धारित पाँच आहार–समूहों का उल्लेख कीजिए।

21. पारिवारिक साधनों की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (4)

22. पारिवारिक आय से आप क्या समझते हैं ? पारिवारिक आय के मुख्य स्रोतों का उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

पारिवारिक बचत से आप क्या समझते हैं? पारिवारिक बचत की आवश्यकता एवं महत्व का उल्लेख कीजिए।

23. उपभोक्ता से क्या आशय है? उपभोक्ता के मुख्य अधिकारों का उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

उपभोक्ता के सम्मुख प्रस्तुत होने वाली वस्तुओं में मिलावट की समस्या का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए।

24. वस्त्रों पर लगे दाग–धब्बों को छुड़ाने की मुख्य विधियों का उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

वस्त्रों की परिसज्जा के महत्वपूर्ण कारक के रूप में कलफ का सामान्य परिचय तथा बनाने की विधियों का उल्लेख कीजिए।

25. वस्त्रों को प्रेस करना क्यों आवश्यक होता है ? प्रेस करने के सामान्य नियम एवं सावधानियों का उल्लेख कीजिए। (4)

अथवा

शुष्क धुलाई से क्या आशय है? शुष्क धुलाई के लाभ एवं हानियों का भी उल्लेख कीजिए।

Downloaded from cclchapter.com

Downloaded from cclchapter.com

Downloaded from cclchapter.com